संघ लोक सेवा आयोग
(बैठक एवं अनुरक्षण अनुभाग)
शाहजहां रोड, धौलपुर हाउस,
नई दिल्ली-110 069

ई-निविदा सं.फा.सं.5.2(2)/2022-बै.एवं अनु. अनुभाग दिनांक 06/02/2023

ई-निविदा सूचना

विषय : संघ लोक सेवा आयोग में तीन वर्ष की अवधि के लिए स्टील फर्नीचर की मरम्मत एवं लकड़ी के फर्नीचर की पॉलिशिंग के लिए व्यापक वार्षिक अनुरक्षण संविदा (सी ए एम सी)

******

संघ लोक सेवा आयोग में स्टील फर्नीचर की मरम्मत एवं लकड़ी के फर्नीचर की पॉलिश के लिए वार्षिक अनुरक्षण संविदा (सी ए एम सी) हेतु संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ऑन-लाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

2. निविदा दस्तावेजों को केन्द्रीय लोक प्रापण पोर्टल (सीपीपीपी) की वेबसाईट http://eprocure.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

3. इच्छुक बोलीदाता निर्धारित प्रपत्र में दो बोली प्रणाली में निविदा http://eprocure.gov.in पर ऑन-लाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा केवल ई-प्रापण पोर्टल **http://eprocure.gov.in** के माध्यम से **ऑन-लाइन मोड में प्रस्तुत** की जानी है। पात्रता मानदंड आदि के समर्थन में सभी दस्तावेजों को स्कैन करके निविदा दस्तावेजों के साथ अपलोड किए जाने हैं। **ऑन-लाइन माध्यम के अलावा** किसी अन्य माध्यम द्वारा भेजी गई निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस प्रयोजन के लिए निर्धारित तारीख तथा समय की समाप्ति के बाद किसी भी परिस्थिति में, चाहे जो भी जो, निविदा दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

4. संघ लोक सेवा आयोग में स्टील फर्नीचर की मरम्मत एवं लकड़ी के फर्नीचर की पॉलिश के लिए व्यापक वार्षिक अनुरक्षण संविदा (सी ए एम सी) की सामान्य निबंधन एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे **http://eprocure.gov.in** पर सी पी पी पी के जरिए बोली के ऑन-लाइन ई-प्रस्तुतीकरण के लिए "निविदाकर्ता/ संविदाकर्ता हेतु अनुदेश" में दिए गए अनुदेशों का अनुपालन करें।

5. 25000/- रुपये (पच्चीस हजार रुपये मात्र) की मूल धरोहर जमा राशि (ई एम डी) जो आदाता के खाते में **डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक** के रूप में सचिव, संघ लोक सेवा

आयोग, नई दिल्ली के पक्ष में देय हो अथवा ई एम डी छूट प्रमाण पत्र, जो वास्तविक रूप में एक सीलबंद लिफाफे में रखा जाना चाहिए, जिस पर विधिवत रूप से बड़े अक्षरों मे **"स्टील फर्नीचर की मरम्मत एवं लकड़ी के फर्नीचर की पॉलिश के लिए नि.आ.सू."** लिखा हो, अवर सचिव (बै. एवं अनु.), संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली को संबोधित करते हुए दिनांक 28.02.2023 तक 09.30 बजे पूर्वाहन से 3.00 बजे अपराह्न तक संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के स्वागत कक्ष (गेट नं. 2) के समीप रखे निविदा बॉक्स में ही डाली जानी चाहिए। **यदि मूल धरोहर जमा राशि/ धरोहर जमा राशि छूट प्रमाण-पत्र उपर्युक्त तारीख तथा समय के दौरान भेजी/ जमा नहीं की जाती है तो बोली को तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा। तथापि, बैंक ड्राफ्ट/ धरोहर जमा राशि छूट पर प्रमाण-पत्र की स्कैन की गई प्रति इलेक्ट्रॉनिक रूप से http://eprocure.gov.in पर अपलोड की जानी चाहिए।** निर्धारित तारीख तथा समय के बाद प्राप्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही ऐसी बोली संबंधी किसी पत्राचार पर विचार किया जाएगा। यदि किसी बोलीदाता को या तो एनएसआईसी या किसी अन्य सरकारी एजेंसी द्वारा ईएमडी जमा करने से छूट प्राप्त है तो ऐसे छूट प्रमाण पत्र की स्कैन की गई प्रति इलेक्ट्रॉनिक रूप से http://eprocure.gov.in. पर अपलोड की जानी चाहिए। इसके साथ-साथ ऊपर बताए गए अनुसार एक प्रति आयोग कार्यालय में अवश्य जमा की जानी चाहिए। यदि बोली ई एम डी / ई एम डी छूट प्रमाण-पत्र के बिना प्राप्त की जाती है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा और उसे तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा।

6. बोलियां संघ लोक सेवा आयोग में दिनांक 01.03.2023 को 3.30 बजे अपराह्न में कमरा सं. 101, आयोग सचिवालय भवन, नई दिल्ली में तीन अधिकारियों की समिति द्वारा ऑन-लाइन खोली जाएंगी। यदि बोली जमा करने की निर्धारित तारीख को या बाद की तारीख को इस कार्यालय में अवकाश या बंद घोषित होता है तो बोलियां अगले कार्य दिवस को निर्धारित समय अर्थात 03.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन 03.30 बजे अपराह्न को खोली जाएगी। बोलीयों के मूल्यांकन के पश्चात निविदा मूल्यांकन समिति (टी ई सी) अपनी विशिष्ट अनुशंसा (अनुशंसाएं) देगी जिसे अपलोड किया जाएगा और इसे बोलीदाता देख सकेंगे।

7. संघ लोक सेवा आयोग के सक्षम प्राधिकारी को बिना कोई कारण बताएं किसी भी समय निविदा को निरस्त करने या निविदा दस्तावेज में शामिल किसी भी निबंधन एवं शर्तों में संशोधन करने या उसे वापस लेने का अधिकार प्राप्त है।

ह./-
(रवीश जोइया)
अ.स. (बै.एवं अनु.)/परामर्शदाता

प्रतिलिपि

1. संघ लोक सेवा आयोग के पंजीकृत बोलीदाता / संविदाधारकों को परिचालित करने हेतु।
2. निदेशक, एन आई सी को उपर्युक्त ई-निविदा नोटिस को सरकारी ई-प्रापण पोर्टल पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।
3. सूचना पट्ट
4. हिंदी अनुभाग
5. गार्ड फाइल

सं.5.2(2)/2022-बै. एवं अनु.
संघ लोक सेवा आयोग
(बैठक एवं अनुरक्षण अनुभाग)
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड
नई दिल्ली-110 069

दिनांक : 06.02.2023

सेवा में ,

_____
_____
_____

विषय:<u>संघ लोक सेवा आयोग में स्टील /लकड़ी के फर्नीचर की मरम्मत एवं स्टील / लकड़ी के फर्नीचर की पॉलिश के लिए व्यापक वार्षिक अनुरक्षण संविदा के लिए निविदा आमंत्रण सूचना</u>

महोदय,

संघ लोक सेवा आयोग परिसर में **स्टील / लकड़ी के फर्नीचर की मरम्मत एवं स्टील / लकड़ी के फर्नीचर की पॉलिश** के लिए व्यापक वार्षिक अनुरक्षण संविदा हेतु ऑन-लाइन बोलीयां आमंत्रित की जाती हैं।

2 **स्टील / लकड़ी के फर्नीचर की मरम्मत एवं स्टील / लकड़ी के फर्नीचर की पॉलिश के वार्षिक व्यापक रख-रखाव** के लिए प्रस्तुत की जाने वाली बोली ऑन-लाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए।

3 सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पक्ष में दिल्ली/ नई दिल्ली में देय डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर/बैंकर्स चैक के रूप में 25000/- रु. (पच्चीस हजार रुपये मात्र) की मूल धरोहर जमा राशि (ईएमडी) का या धरोहर जमा राशि से छूट संबंधी प्रमाण-पत्र की

एफ.डी.आर. प्रति को सीलबंद लिफाफे में डाल कर, जिसके ऊपर विधिवत रूप से **"स्टील/लकड़ी के फर्नीचर की मरम्मत एवं स्टील/लकडी के फर्नीचर की पॉलिश के लिए नि.आ.सू.**" लिखा हो, संघ लोक सेवा आयोग के सुविधा काउन्टर पर रखे गए निविदा बॉक्स में 01.03.2023 को 09.30 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराह्न तक डाल सकते हैं। बोली (तकनीकी बोली) के साथ धरोहर जमा राशि से छूट संबंधी प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति अवश्य संलग्न की जानी चाहिए।

4 सफल बोलीदाता को कुल लागत का 7% राशि 'कार्यनिष्पादन सुरक्षा राशि के तौर पर सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट / पे आर्डर / एफ.डी.आर. जमा करनी होगी। संविदा, संबंधी सभी दायित्वों को पूरा करने के बाद 'निष्पादन सुरक्षा राशि 60 दिन तक वैध रहनी चाहिए। तथापि, 'निष्पादन सुरक्षा राशि प्राप्त होने पर सफल बोलीदाता को धरोहर जमा राशि लौटा दी जाएगी।

5 बोलीदाता या उनके प्रतिनिधित्व, जो इसमें उपस्थित होना चाहते हैं, के समक्ष तकनीकी बोलीयां 01.03.2023 को 3.30 बजे अपराहन अधोहस्ताक्षरी के कमरे में ऑन-लाइन खोली जाएगी।

पात्रता मानदंड

6 आवेदन करने वाली एजेंसी के पास वैध पैन नं. तथा जीएसटीआईएन/ जीएसटी पंजीकरण होना चाहिए। एजेंसी के पास किसी सरकारी मंत्रालय/ विभाग को इस प्रकार की सेवाएं प्रदान करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। **फर्म का वार्षिक कारोबार दस लाख रुपये से अधिक होना चाहिए।** बोली के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियों को **अनुबंध-I** में संलग्न किया जाना चाहिए।

i. फर्म के वार्षिक कारोबार में अन्य बातों के साथ विगत तीन वित्तीय वर्षों अर्थात 2019-20, 2020-21, और 2021-2022 के दौरान उनका निवल लाभ / हानि का उल्लेख किया जाना चाहिए जो उनके सनदी लेखाकार (चार्टड एकाउंटेंट) द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित हो।

ii. फर्म के जी एस टी पंजीकरण प्रमाण की प्रति।

iii. फर्म के आयकर पैन सं. की प्रति।

iv. विगत तीन वित्तीय वर्षों अर्थात 2019-2020, 2020-2021 और 2021-2022 की आयकर विवरणी की प्रति।

v. सरकारी मंत्रालयों / विभागों में तीन वर्ष तक की अवधि के लिए समान प्रकार की सेवा प्रदान करने का अनुभव संबंधी दस्तावेज।

vi. सरकारी मंत्रालयों / विभागों आदि में चालू संविदा (संविदाओं) की प्रति, यदि कोई हो,

vii. फर्नीचर तैयार करने और मरम्मत के लिए प्रतिष्ठान / कर्मशाला के संबंध में एमसीडी / एनडीएमसी द्वारा जारी किया गया प्रमाण।

viii. निविदा आमंत्रण सूचना के **अनुबंध-II** के अनुसार प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना।

<u>कार्य क्षेत्र</u>

7 निविदा आमंत्रण सूचना में मुख्यत: स्टील के फनीचर, लकड़ी के फर्नीचर, अलमारियों, वर्क स्टेशनों का रख-रखाव/ मरम्मत, सामान्य फर्नीचर वस्तुओं की पॉलिश करना, वेनेशन ब्लाइन्ड बदलना, पर्दे की सामान्य रॉड लगाना आदि शामिल है। वेंडर द्वारा अनुबंध-**III** में यह वचनबंध दिया जाएगा की मदों के लिए उनके द्वारा उद्धृत दरें किसी अन्य मंत्रालय/सरकारी संगठन में समान कार्य के लिए उद्धृत दरों से अधिक नहीं हैं।

निविदा आमंत्रण सूचना प्रस्तुत करना

8. बोलियों को निम्नलिखित 2 लिफाफों में ऑन-लाइन माध्यम से प्रस्तुत किया जाना चाहिए:-

(क) तकनीकी बोली : पहली बोली में मोबाइल नं. के साथ मुहर सहित विधिवत हस्ताक्षर किए गए अनुबंध-I, II और III के साथ सभी तकनीकी विवरण होने चाहिए। सहायक दस्तावेजों के बिना प्रस्तुत बोली को निरस्त कर दिया जाएगा।

(ख) वित्तीय बोली: द्वितीय बोली में संघ लोक सेवा आयोग परिसर में स्टील'' लकड़ी के फर्नीचर पॉलिश करने / लकड़ी के फर्नीचर की मरम्मत और स्टील / हेतु वित्तीय बोली लिखा होना चाहिए और इसमें "**ऑन-लाइन उपलब्ध बीओक्यू प्रारूप में** समग्र दरें शामिल होनी चाहिए। यदि समान समग्र दरों के साथ दो बोलियां प्राप्त होती हैं तो अधिक टर्नओवर वाली फर्म की बोली को स्वीकार, किया जाएगा।

9. निविदा में पेश की गई दरें वर्ष-वार उद्धृत की गई दरों के अनुसार तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेंगी और एक बार निविदा स्वीकृत किए जाने के पश्चात दरों में वृद्धि नहीं की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में वृद्धि में संशोधन की अनुमति, चाहे जो भी हो, नहीं होगी।

10. फर्म को बदले गए पुर्जों को बै. एवं. अनु.(एम एण्ड एम) अनुभाग में जमा करना होगा।

11. संविदा तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेगी और संविदा प्रारंभ होने की तारीख की गणना सफल बोलीदाता/ बोलीदाताओं को पत्र जारी होने के 7 वें दिन से की जाएगी।

12. यदि फर्म/ संविदा कर्ता का कार्य निष्पादन आयोग द्वारा संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को किसी भी समय संपूर्ण निविदा या उसके भाग को अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

बोली का मूल्यांकन:

13. **केवल उन बोलीदाताओं की** वित्तीय बोली **पर विचार किया जाएगा जिनकी तकनीकी बोली को तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीईसी) द्वारा उचित पाया जाता है।** बोलियों का मूल्यांकन, दरों (करों के अतिरिक्त) के आधार पर किया जाएगा। **वित्तीय बोलियां केवल बीओक्यू प्रारूप में ऑन-लाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए।**

14. फर्म द्वारा **बीओक्यू** में उल्लखित प्रत्येक शीर्ष के अंतर्गत सभी कार्यों के लिए दरों को उद्धृत किया जाएगा। एल-1 फर्म का निर्धारण **बीओक्यू में करों को छोड़कर** सभी मदों की समग्र दरों के (सकल योग) शुद्ध वर्तमान मूल्य के आधार पर किया जाएगा तथापि समग्र एल 1 की मदवार दरों की तुलना अन्य बोलीदाताओं की दरों से की जाएगी तथा बीओक्यू जिसमें समग्र एल 1 फर्मों ने अधिकतम दर उद्धृत किए हैं, में उल्लिखित सभी अन्य मदों के संबंध में अन्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत न्यूनतम दरों के आधार पर किया जाएगा। एल-1 फर्म को अन्य बोलीदाताओं के न्यूनतम दरों को स्वीकृत करना ही होगा।

15. फर्म/ बोलीदाता द्वारा उद्धृत दरें तर्कसंगत और न्यायसंगत होनी चाहिए।

एल-1 बोलीदाता के निर्धारण की पद्धति

16.

क. बोलीदाताओं को प्रत्येक तीन वर्ष के लिए प्रत्येक मद हेतु दरें उद्धृत करनी चाहिए। प्रत्येक वर्ष के लिए मूल्य स्थिर रहेगी। विभिन्न वर्षों के लिए समान तुलनात्मक दर हेतु, दर को समान फुटिंग पर लाने के लिए एन पी वी (शुद्ध वर्तमान मूल्य) का उपयोग 10% वार्षिक बट्टे के रूप में किया जाएगा और तदनुसार **करों को छोड़कर** एल-1 का निर्णय किया जाएगा।

ख. निविदा दस्तावेज में पहले से बताई गई छूट की दर और एन पी वी (शुद्ध वर्तमान मूल्य) की गणना पहल निम्नानुसार है:

एन पी वी - $\{ Y1 + Y2/(1+0.1)+Y3/(1+0.1)^2 \}$

जहां:

एन पी वी का अर्थ शुद्ध वर्तमान मूल्य हैं।

Y1 का अर्थ प्रथम वर्ष के लिए उद्धृत की गई दर है।
Y2 का अर्थ द्वितीय वर्ष के लिए उद्धृत की गई दर है।
Y3 का अर्थ तृतीय वर्ष के लिए उद्धृत की गई दर है।

उदाहरण के लिए, यदि प्रथम वर्ष (Y1) के लिए उद्धृत की गई दर 1000 है द्वितीय वर्ष (Y2) के लिए उद्धृत की गई दर 1200 है और तृतीय वर्ष (Y3) के लिए उद्धृत की गई दर 1400 है तो एन पी वी होगा:-

$$1000 + \frac{1200}{1.1} + \frac{1400}{1.21}$$

$$= 1000 + 1090.91 + 1157.02$$

$$= 3247.93$$

यह निविदा प्रदान करने के लिए एल-1 निर्धारित करने का मूल्य है। तथापि, समग्र एल-1 की मद वार दरों की तुलना अन्य बोलीदाताओं से की जाएगी तथा बीओक्यू जिसमें समग्र एल 1 फर्मों ने अधिकतम दर उद्धृत किए हैं, में उल्लिखित सभी अन्य मदों के संबंध में अन्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत न्यूनतम दरों के आधार पर अंतिम दर को अनुमोदित किया जाएगा। एल-1 फर्म को अन्य बोलीदाताओं की न्यूनतम दरों को स्वीकृत करना होगा। बोलीदाता को उनके वर्षवार कोटेशन के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

17. सामान्य निबंधन एवं शर्तें

(i) पेंटिंग/ मरम्मत का कार्य इस कार्यालय के परिसर या वेंडर की वर्कशॉप में किया जाएगा।

(ii) सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, को यह अधिकार है कि वह बिना कोई कारण बताएं किसी भी कोटेशन/ निविदा को सम्पूर्ण रूप से या कोटेशन के ऐसे भाग को स्वीकृत या अस्वीकृत कर सकता है, चाहे वह न्यूनतम कोटेशन हो, अथवा वह सभी कोटेशनों को अस्वीकार कर सकते हैं।

(iii) लिखित आदेश या सूचना प्राप्ति की तारीख से 3 दिन के भीतर या इस कार्यालय द्वारा निर्दिष्ट अवधि में मरम्मत का कार्य पूरा करना होगा।

(iv) ये सेवाएं, पूरे दिन के लिए सप्ताह में कम से कम तीन बार नियमित आधार पर प्रदान की जाएंगी। आपातकालीन आवश्यकता/ समस्या होने पर, उपर्युक्त सेवाओं को आवश्यकतानुसार प्रदान किया जाएगा। आपातकालीन सेवा के लिए फर्म को कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।

(v) दोनों पक्षों की ओर से एक माह की सूचना के द्वारा संविदा को समाप्त किया जा सकेगा।

(vi) निर्धारित अवधि के भीतर कार्य को पूरा करने में असफल होने की स्थिति में, यदि कार्य दोषपूर्ण पाया जाता है या कार्य इस कार्यालय की पूर्ण संतुष्टि के अनुरूप नहीं किया जाता है तो सचिव, सं.लो.से.आ. को यह अधिकार है कि वह संविदा को निरस्त कर दे या मरम्मत, पॉलिश संबंधी कार्य के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करें और इससे हुई क्षति, यदि कोई हो, की वसूली, आपके साथ की गई संविदा के तहत इस कार्यालय द्वारा रखे गए कार्य निष्पादन राशि या द्विमासिक बिल से किया जाएगा। यदि यह रकम वसूली योग्य धनराशि को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है तो मांग किए जाने पर संविदकर्ता इस कार्यालय को अतिरिक्त धनराशि अदा करेंगे।

(vii) प्रयोक्ता शाखा द्वारा संतोषजनक कार्य निष्पादन संबंधी आवश्यक प्रमाणपत्र जारी किए जाने के पश्चात् संतोषजनक कार्य के आधार पर भुगतान जारी किया जाएगा।

(viii) कर, यदि कोई हो, को अलग-अलग उद्धृत किया जाना चाहिए। ऐसा न होने पर करों को उद्धृत दरों में शामिल माना जाएगा और इसके अतिरिक्त करों को शामिल किए जाने संबंधी किसी अनुरोध पर सं.लो.से.आ. द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

(ix) श्रम/ ढुलाई आदि पर कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।

(x) उद्धृत दरें संविदा प्रदान किए जाने की तारीख से प्रभावी होगी और संविदा की अवधि तक वैध रहेगी। इस बीच दरों में संशोधन के किसी अनुरोध पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

(xi) ये निबंधन एवं शर्तें सर्वग्राही नहीं हैं बल्कि सामान्य प्रकृति की हैं। सचिव, सं.लो.से.आ. को यह अधिकार होगा कि वह निबंधन एवं शर्तों के किसी भी खंड या भाग को स्पष्ट करे और यह अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

(xii) मदों/ पुर्जों के अधिष्ठापन/लगाए जाने से पहले नमूने के अनुसार दिखाया जाना चाहिए और उन्हें बैठक एवं अनुरक्षण के कार्मिक से अनुमोदित कराया जाना चाहिए। अधिष्ठापन/ फिटिंग की तारीख को संबंधित भवन के

वरि. सं.प्र.एवं बै. अधि/ सं. प्र. एवं बै. अधिकारी/ केयरटेकर की उपस्थिति में स्थायी मार्कर (सभी मदों की कम से कम छः माह की वारंटी सहित) चिन्हित किया जाना चाहिए और यदि मदें वारंटी अवधि के भीतर क्षतिग्रस्त या अनुप्रयोज्य हो गई हो तो इन्हे बिना किसी लागत के प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

(xiii) कार्य पूरा हो जाने के पश्चात्, जॉब कार्ड पर संबंधित शाखा द्वारा हस्ताक्षर करवाया जाए और बैठक एवं अनुरक्षण के कार्मिक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किए जाएं। बैठक एवं अनुरक्षण कार्मिक के प्रतिहस्ताक्षर के बिना जॉब कार्ड/ वर्कशीट पर भुगतान हेतु विचार नहीं किया जाएगा।

(xiv) कार्यालय द्वारा सौंपे गए कार्य को प्राथमिकता आधार पर बिना किसी देरी के ठीक किया जाना चाहिए। वेंडर को सौंपे गए कार्य 7 दिनों से अधिक दिनों तक लंबित नहीं रहना चाहिए।

(xv) यदि माह में दो बार असंतोषजनक सेवाएं संज्ञान में आती है तो यह कार्यालय उस विशेष माह की कुल बिल राशि का 5% कटौती करेगा।

(xvi) यदि माह में दो से अधिक पाँच बार तक असंतोषजनक कार्य निष्पादन संज्ञान में आता है तो यह कार्यालय उस विशेष माह में कुल बिल राशि का 50% की कटौती करेगा।

(xvii) तथापि, यदि असंतोषजनक कार्य निष्पादन महीने में पांच से अधिक बार नोटिस में आता है तो यह कार्यालय उस विशेष माह में कुल बिल राशि का 100% की कटौती करेगा। ऐसी स्थिति में इस कार्यालय के सक्षम प्राधिकारी को यह अधिकार है कि वह संविदा को समाप्त कर दे या संविदा की कार्य निष्पादन सुरक्षा धन राशि को जब्त कर ले।

(xviii) बोलीदाता वचनपत्र प्रस्तुत करेगा कि उन्होंने किसी अन्य मंत्रालय/ सरकारी संगठनों में सं.लो.से.आ. से कम दर उद्धृत नहीं की है। वचनबंध अनुबंध-**III** में दिए गए निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(xix) यदि फर्म/ निविदाकर्ता का कार्यनिष्पादन संतोषजनक पाया जाता है, तो सक्षम प्राधिकारी यदि चाहे तो संविदा को समान दर, निबंधन एवं शर्तों पर छः माह की अवधि के लिए बढ़ा सकता है।

भुगतान

18. प्रयोक्ता शाखा द्वारा संतोषजनक कार्य निष्पादन/ कार्य संबंधी आवश्यक प्रमाणपत्र जारी किए जाने के पश्चात संतोषजनक कार्य के आधार पर भुगतान किया जाएगा, वेंडर द्वि-मासिक आधार पर बिल प्रस्तुत करेंगे।

19. संघ लोक सेवा आयोग की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयोग विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्तियों/ ऑपरेटर द्वारा ही कार्य कराएगा। वेंडर आयोग को अग्रिम रूप से उनके परिचय पत्र सहित प्राधिकृत कर्मचारियों की सूची मुहैया कराएगा।

ह./-
(रवीश जोइया)
अ.स.(बै.एवं.अनु.) / परामर्शदाता
टेली नं. 011-23388418

सं.5.2(2)/2019-एम एंड एम
संघ लोक सेवा आयोग

नि.आ.सू. का अनुबंध- ।

तकनीकी भाग का प्रपत्र

फर्म का नाम एवं पता _____

टेलीफोन/मोबाईल सं. _____

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम _____

क्र. सं.	विवरण (सीपीपी पोर्टल पर अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज)	उचित चिन्ह लगाएं
1	क्या ईएमडी/ईएमडी छुट प्रमाण पत्र की प्रति अपलोड की गई है	हाँ/नहीं
2	क्या फर्म की पिछले तीन वित्तीय वर्षों अर्थात् 2019-2020, 2020-2021 और 2021-2022 के दौरान अन्य बातों के साथ-साथ उनके कुल लाभ/हानि का उल्लेख करते हुए उनके चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत प्रमाणित वार्षिक कारोबार की प्रति अपलोड की गई है	हाँ/नहीं
3	क्या फर्म की जीएसटी पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति अपलोड की गई है	हाँ/नहीं
4	क्या पैन नंबर की प्रति अपलोड की गई है	हाँ/नहीं
5	क्या पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों अर्थात् 2019-2020, 2020-2021 एवं 2021-2022 के आयकर रिटर्न की प्रति अपलोड की गई है	हाँ/नहीं
6	क्या सरकारी मंत्रालयों/ विभागों में तीन वर्ष की अवधि का समान सेवा प्रदान करने का अनुभव प्रमाणपत्र अपलोड किया गया है	हाँ/नहीं
7	क्या किसी सरकारी मंत्रालयों/विभागों, आदि में चल रहे संविदा(ओं), यदि कोई हो, की प्रति अपलोड की गई है।	हाँ/नहीं
8	क्या वैध सरकारी अनुज्ञप्ति, एमसीडी/एनएमडीसी के साथ फर्नीचर के निर्माण एवं मरम्मत करने हेतु स्थापना/ कर्मशाला का प्रमाण अपलोड किया गया है	हाँ/नहीं
9	क्या विधिवत हस्ताक्षरित अनुबंध-II अपलोड किया गया है	हाँ/नहीं

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
फर्म/बोलीदाता का नाम एवं पता,
मुहर सहित

सं.5.2(2)/2019-एम. एंड एम.
संघ लोक सेवा आयोग
(एम. एंड एम. अनुभाग)

नि.आ.सू. का अनुबंध- II

सं.लो.से.आ. परिसर में स्टील फर्नीचरों की मरम्मत एवं स्टील/ लकड़ी के फर्नीचरों की पॉलिश करने हेतु व्यापक वार्षिक अनुरक्षण संविदा संबंधी निविदा आमंत्रण सूचना।

प्रमाणपत्र

हम,

_____

_____

(फर्म का नाम एवं पता) ने संघ लोक सेवा आयोग के दिनांक _____ नि.आ.सू. के प्रत्युत्तर में सं.लो.से.आ. में आपके विचारर्थ अनुबंध- I, II एवं III प्रस्तुत कर दिया है। नि.आ.सू. के अपेक्षानुसार हम एतद्द्वार निम्नलिखित के अनुसार प्रमाणित करते हैं :-

1. कि निविदा के सभी निबंधन एवं शर्तें हमें स्वीकार्य है।
2. कि मुझे/हमें पिछले तीन वर्षों में आय/ सम्पत्ति को छुपाने के लिए दोषी नही ठहराया गया या दंडित नही किया गया है।
3. कि हमने नि.आ.सू. में उल्लिखित कार्य क्षेत्र को पूरी तरह से समझ लिया है एवं हमारी बोली पूर्णत: कार्य क्षेत्र के अनुरुप है।
4. फर्म को किसी सरकारी विभाग के द्वारा न तो कभी ब्लैकलिस्ट किया गया है और न ही कोई आपराधिक मामला फर्म या इसके स्वामी/ साझेदार के विरुद्ध भारत में कहीं भी दर्ज/ लंबित है।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
फर्म/बोलीदाता का नाम एवं हस्ताक्षर
मुहर सहित

सं.5.2(2)/2019 -एम. एंड एम.
संघ लोक सेवा आयोग
(एम. एंड एम. अनुभाग)

नि.आ.सू. का अनुबंध-III

सं.लो.से.आ. परिसर में स्टील / लकड़ी के फर्नीचरों की मरम्मत एवं स्टील / लकड़ी के फर्नीचरों की पॉलिश करने हेतु व्यापक वार्षिक अनुरक्षण संबंधी निविदा आमंत्रण सूचना।

वचनपत्र

हम,
_____

_____

(**फर्म का नाम एवं पता**) संघ लोक सेवा आयोग के दिनांक _____ के नि.आ.सू. के प्रत्युत्तर में निम्नलिखित प्रमाणित करते हैं:

"मदों के लिए उद्धृत दर, समान कार्य के लिए किसी अन्य मंत्रालयों/ सरकारी संगठनों के लिए हमारे द्वारा उद्धृत दर से अधिक नहीं है।"

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
फर्म/बोलीदाता का नाम एवं हस्ताक्षर,
मुहर सहित

सं. 5.2(2)/2022-एम. एंड एम.
संघ लोक सेवा आयोग
(एम. एंड एम. अनुभाग)

वित्तीय बोली का प्रपत्र भाग
(डाउनलोड किया जाए एवं बोओक्यू प्रारुप में ऑन-लाइन अपलोड किया जाए)

क्र.सं.	**सामग्री का विवरण**	**दरें (राशि रु. में) कर रहित**			**कर की दरें**	**शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित**
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	स्टील टेबल					
1	दराजों के ताले को बदलना					
2	दराजों के तालों की चाभी उपलब्ध कराना					
अ	**कुल**					

क्र.सं.	**सामग्री का विवरण**	**दरें (राशि रु. में) कर रहित**			**कर की दरें**	**शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित**
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	स्टील की अलमारी					
1	तालों को बदलना					
2	हैंडल को बदलना					
3	ताले की चाभी उपलब्ध कराना					
4	हैंडल के बुश को बदलना					
अ	**कुल**					

क्र.सं.	सामग्री का विवरण	दरें (राशि रु. में) कर रहित			कर की दरें	शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	स्टील फिलिंग कैबिनेट					
1	तालों को बदलना					
2	हैंडल को बदलना					
3	चाभी उपलब्ध कराना					
4	नई चैनल सेट उपलब्ध कराना एवं लगाना					
अ	**कुल**					

क्र.सं.	सामग्री का विवरण	दरें (राशि रु. में) कर रहित			कर की दरें	शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	दरवाज़े					
1	लिवर तालों की चाभी उपलब्ध कराना					
अ	**कुल**					

क्र.सं.	सामग्री का विवरण	दरें (राशि रु. में) कर रहित			कर की दरें	शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	रिवोल्विंग कुर्सियों की मरम्मत					
1	हाड्रोलिक सिस्टम को बदलना					
2	बेस को बदलना					
3	चेयर प्लेट को बदलना					
4	व्हील को बदलना					
5	कुर्सियों के हत्थे को बदलना					
अ	**कुल**					

क्र.सं.	सामग्री का विवरण	दरें (राशि रु. में) कर रहित			कर की दरें	शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	कंप्यूटर टेबल					
1	चैनल सेट को बदलना					
2	नई की-बोर्ड ट्रे उपलब्ध कराना एवं फिक्स कराना					
अ	**कुल**					

क्र.सं.	सामग्री का विवरण	दरें (राशि रु. में) कर रहित			कर की दरें	शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	मॉड्युलर फर्नीचर					
1	नए तालों को बदलना					
2	कब्जा (हिन्ज)					
3	प्रति अधिकारी / सीट, वर्क स्टेशन को डिसमेंटल करना					
4	प्रति अधिकारी / सीट, वर्क स्टेशन को स्थांतरित / पुनः संयोजित करना					
अ	**कुल**					

क्र.सं.	सामग्री का विवरण	दरें (राशि रु. में) कर रहित			कर की दरें	शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	स्टील की अलमारी / कॉम्पेक्टर / रैक की स्प्रे पेंटिंग					
1	बड़ी स्टील अलमारी की पेंटिंग (बाहर की ओर)					
2	बड़ी स्टील अलमारी की पेंटिंग (अंदर की ओर)					
3	छोटी स्टील अलमारी की पेंटिंग (बाहर की ओर)					
4	छोटी स्टील अलमारी की पेंटिंग (अंदर की ओर)					
5	कॉम्पेक्टर की पेंटिंग प्रति ईकाई कैबिनेट (अंदर की ओर)					
6	कॉम्पैक्टर की पेंटिंग प्रति ईकाई कैबिनेट (बाहर की ओर)					
अ	**कुल**					

क्र.सं.	सामग्री का विवरण	दरें (राशि रु. में) कर रहित			कर की दरें	शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	टेबल का शीशा					
1	टेबल का प्लेन शीशा 5,6,8,10,12 मि.मी. (प्रति वर्ग फीट) (कटिंग, ग्राइंडिंग फिक्सिंग एवं एजिंग आदि सहित)					
2	टेबल का रंगीन शीशा 5,6,8,10,12 मि.मी. (प्रति वर्ग फीट) (कटिंग, ग्राइंडिंग फिक्सिंग एवं एजिंग आदि सहित)					
अ	**कुल**					

क्र.सं.	सामग्री का विवरण	दरें (राशि रु. में) कर रहित			कर की दरें	शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	ब्लाईंड / रोलर ब्लाईंड					
1	भार (वेट) उपलब्ध एवं फिक्स कराना (पी/एफ)					
2	रनर उपलब्ध एवं फिक्स कराना (पी/एफ)					
3	डोरी उपलब्ध एवं फिक्स कराना (पी/एफ)					
4	क्लिप पट्टी उपलब्ध एवं फिक्स कराना (पी/एफ)					
5	चेन उपलब्ध एवं फिक्स (पी/एफ)					

6	नया रोलर ब्लाईंड प्रति वर्ग फीट उपलब्ध एवं फिक्स कराना					
अ	**कुल**					

क्र.सं.	**सामग्री का विवरण**	**दरें (राशि रु. में) कर रहित**			**कर की दरें**	**शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित**
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	लाह की पॉलिश					
1	टेबल- अधिकारी टेबल					
2	टेबल – सेंट्रल टेबल (4'x2.5')					
3	टेबल - गोल टेबल (6.5'x6')					
4	बेंच प्रति ईकाई					
5	कुर्सियाँ					
6	स्टूल प्रति ईकाई					
7	केन सोफा प्रति सेट					
8	सोफा कुर्सी प्रति कुर्सी					
9	वक्ता मंच / पोडियम प्रति पीस					
10	परीक्षा कुर्सी प्रति कुर्सी					
11	परीक्षा टेबल प्रति टेबल					
12	प्रति वर्ग फीट पोलिशिंग					
अ	**कुल**					

क्र.सं.	**सामग्री का विवरण**	**दरें (राशि रु. में) कर रहित**			**कर की दरें**	**शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित**
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	कॉम्पेक्टर					
1	तालों को बदलना					
2	हैंडल को बदलना					
3	चाभी उपलब्ध कराना					
4	प्रति कैबिनेट कॉम्पेक्टर रेलिंग की ऑयलिंग एवं ग्रिसिंग					
अ	**कुल**					

क्र.सं.	सामग्री का विवरण	दरें (राशि रु. में) कर रहित			कर की दरें	शुद्ध वर्तमान मूल्य कर रहित
		प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष	तृतीय वर्ष		
	पर्दे					
1	रिंग, हुक आदि के साथ नई रॉड उपलब्ध कराना एवं फिक्स करना					
2	प्रति पैनल सिलाई शुल्क					
अ	**कुल**					